Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में नायब तहसीलदार 3500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *03 जून, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट, भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **बाल स्वरूप धाकड़ गिरदावर हाल कार्य व्यवस्था नायब तहसीलदार, उप तहसील झील का बाड़ा, बयाना, जिला भरतपुर** को परिवादी से **3500 रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, भरतपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि बयनामा रजिस्टर्ड करने की एवज में बाल स्वरूप धाकड़ गिरदावर हाल कार्य व्यवस्था नायब तहसीलदार, उप तहसील झील का बाड़ा, बयाना, जिला भरतपुर द्वारा **3500 रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट, भरतपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी बाल स्वरूप धाकड़ गिरदावर हाल कार्य व्यवस्था नायब तहसीलदार, उप तहसील झील का बाड़ा, बयाना, जिला भरतपुर को परिवादी से **3500 रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**